हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 31 मार्च 2026

04 आरोन में महावीर स्वामी की 2625वीं जयंती...



07 भगवान महावीर स्वामी का शुभ संदेश जियो और जीने दो के साथ शहर में...





## समाचार संक्षेप

### गुना में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई

**गुना।** जिला प्रशासन ने शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और व्यावसायिक दुरुपयोग रोकने के लिए सख्त अभियान शुरू किया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार सोमवार को कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडेय के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी की टीम ने महावीर स्वीट्स (नई सड़क), श्री राम चाट भंडार, गोलू ग्वाल (ख्यावदा चौराहा) और पीताम्बरा कचौड़ी (तेलघानी) पर कार्रवाई की। जांच में इन प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया और संचालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके चलते चार घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर प्रकरण दर्ज किए गए। इन सभी के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत कार्रवाई की गई, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। जांच दल ने इसके अलावा केवलचंद अशोककुमार (सदर बाजार), प्रभुलाल हलवाई (सोलत गली), विपुल बेकरी (नयापुरा), विजय हलवाई (गल्लामंडी) और खाटू श्याम चाट भंडार (टेकरी मंदिर) की भी जांच की। इनमें भोजन बनाने के लिए डीजल भट्टी, कोयला भट्टी और इंडक्शन का उपयोग पाया गया। प्रशासन ने शहर के होटल और हलवाई प्रतिष्ठानों को निर्देश दिए हैं कि वे घरेलू गैस के बजाय इंडक्शन और डीजल भट्टियों का अधिक उपयोग करें और पाइपलाइन उपलब्ध होने पर पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित हों।घरेलू गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और दुरुपयोग के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।




### पराली न जलाने के लिए प्रशासन की पहल ग्राम कलोरा में चौपाल आयोजित



**गुना।** जिले में पराली जलाने की समस्या को रोकने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बमोरी के ग्राम पंचायत कलोरा में ग्राम चौपाल का आयोजन कर किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया गया।चौपाल के दौरान किसानों को समझाइश दी गई कि पराली जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है और मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। अधिकारियों ने किसानों को नरवाई से भूसा बनाने की जानकारी देते हुए बताया कि इससे उन्हें अतिरिक्त लाभ भी मिल सकता है।इस दौरान तहसीलदार बमोरी श्री देवदत्त गोलिया, ग्राम सरपंच, पटवारी प्रशांत त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पराली न जलाने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

### 43 वर्षों की सेवा के बाद शिक्षक विष्णु चरण विश्वकर्मा सेवानिवृत्त, गांव में भव्य विदाई



**चाचौड़ा।** शिक्षा के क्षेत्र में 43 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले शिक्षक विष्णु चरण विश्वकर्मा ग्राम संगोडया से सेवानिवृत्त हो गए। अपने पूरे कार्यकाल के दौरान वे समय के पाबंद, कर्तव्यनिष्ठ और विद्यार्थियों के प्रति समर्पित शिक्षक के रूप में पहचाने जाते रहे। उनके सेवानिवृत्त होने पर ग्राम संगोडया सहित आसपास के क्षेत्र में जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकालकर उन्हें सम्मानित किया। किसी ने साफा बांधकर तो किसी ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया।कार्यक्रम में ग्राम सरपंच धनसिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।चाचौड़ा संकुल एवं मृगवास संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनायक शोपरा द्वारा किया गया। मंच से वक्ताओं ने विष्णु चरण विश्वकर्मा के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता निभाई।

### गुना पुलिस ने ओवरलोड वाहनों पर चलाया सघन अभियान

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में गुना पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की। अभियान टीआई ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह और ट्रैफिक अमले द्वारा नानाखेड़ी रोड, मंडी रोड और कैंट रोड पर चलाया गया।जांच के दौरान ट्रैक्टरों में लगभग 200 बोरी और बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां पाई गईं। सभी उल्लंघनकारियों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की गई।

---

भव्यता के साथ मनाया गया महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

## जैन समाज ने निकाली प्रभात फेरी, विशाल शोभायात्रा और सेवा कार्य किए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना






भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को शहर सहित अंचल भर में जैन समाज द्वारा पूरी भव्यता के साथ मनाया गया है। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज पंचायत ट्रस्ट एवं सकल जैन समाज द्वारा प्रभात फेरी, विशाल शोभायात्रा और विभिन्न सेवा कार्यों के आयोजन किए गए।जैन समाज द्वारा गौशाला में गायों की सेवा के साथ सेवाभारती एवं वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराकर सेवा कार्य किए। जन्मोत्सव की पूर्व बेला में रविवार को आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला में आनंद उत्सव मेला का आयोजन हुआ, जिसमें कलेक्टर किशोर कन्याल ने शिरकत कर गौसेवकों का सम्मान किया। कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 6 बजे प्रभात फेरी से हुई, जिसके पश्चात सामूहिक अभिषेक और शांतिधारा संपन्न की गई। सुबह 8:15 बजे बड़े मंदिर से भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग सफेद गणवेश और महिलाएं केसरिया साड़ी में शामिल हुई।

---

### नगरपालिका परिषद गुना का बजट प्रस्तुत

## शहर वासियों पर कोई नया कर नहीं लगाया, दो लाख अट्ठारह हजार बचत





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा सोमवार को 2 अरब 98 करोड 72 लाख का बजट प्रस्तुत किया गया तथा जल प्रकोष्ठ का 1 अरब 12 करोड़ 82 लाख 70 हजार का बजट प्रस्तुत किया गया।

उक्त बजट नियम 1962 के अनुसार तैयार किया गया, जिसमें आय का प्रावधान बिगडत तीन वर्षों को दृष्टिगत रखते हुए नियमानुसार वास्तविकता के आधार पर तैयार किया गया है। नगर पालिका की आय से निर्माण कार्यों पर व्यय राशि 82 करोड़ 15 लाख का प्रावधान रखा गया है तथा जन स्वास्थ्य एवं सुविधाओं पर राशि 18 करोड़ 77 लाख 57000 का प्रावधान रखा गया है। नियम अनुसार संचित निधि शुद्ध आय का 5% रुपए 6 करोड़ 3755000 का प्रावधान रखा गया है। इसी प्रकार जल प्रकोष्ठ में जलकर वसूली चालू एवं बकाया से 13 करोड रुपए ,नगरीय प्रशासन विभाग मध्य प्रदेश शासन से अनुदान 18 करोड़ 76 लाख 20000 रुपये, वॉटर वर्क संचालन संधारण हेतु शासन से अनुदान अन्य मत से विशेष सुधार विस्तार कार्य एवं वाटर एटीएम तथा वाहन हेतु अनुदान एक करोड़ 30 लाख रुपए एससीडी अमानत निविदा मूल्य लाइसेंस फीस 55 लाख रुपए, ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट निवारण हेतु नवीन कार्यों के लिए दो करोड़ 30 लाख रुपए अनुदान के रूप में सम्मिलित किए गए हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि बजट में शहर के 37 वार्डों में निर्माण कार्यों को विशेष रूप से सम्मिलित किया गया है तथा ग्रीष्म काल में पेयजल संकट निवारण हेतु पूर्ण व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर वासियों पर कोई नया कर नहीं लगाया गया है न ही जलकर में वृद्धि की गई है। ग्रीष्मकाल में पेयजल का कोई संकट न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखा गया है तथा एनीकट से पेयजल सप्लाई एवं शहर में टैंकरों की व्यवस्था सुचार रूप से संचालित की जाएगी।नगर पालिका का बजट राजस्व समिति चेयरमैन कैलाश धाकड़ द्वारा प्रस्तुत किया तथा जल प्रकोष्ठ का बजट जल कार्य समिति चेयरमैन राजू ओझा द्वारा प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सभी पार्षदों द्वारा ध्वनिमत से बजट स्वीकृत किया।

---



गुना में जनसंवाद चौपाल

## पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने आमजन से सीधा संवाद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने रविवार शाम बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतनपुर में जनसंवाद चौपाल का आयोजन किया। इस पहल के तहत उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना।भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाने पर जोरचौपाल का मुख्य उद्देश्य जिले में भयमुक्त, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना था। एसपी वासल ने उपस्थित महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों से संवाद करते हुए नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023), पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल मजदूरी अधिनियम 1986, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में अभिभावकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने लोगों को छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। सड़क सुरक्षा, हेल्पलाइन और बच्चों को प्रेरित करनाएसपी वासल ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग का महत्व बताया और नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी भी साझा की।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने आईपीएस बनने और पुलिस सेवा से जुड़े प्रश्न पूछे। एसपी वासल ने मेहनत, अनुशासन और लगातार प्रयास को सफलता की कुंजी बताते हुए उन्हें प्रेरित किया।सकारात्मक माहौल और पुलिस-जन विश्वासग्राम पंचायत सतनपुर के प्रतिनिधि जितेंद्र तोमर, ग्राम पंचायत छिपोन के सरपंच संजेव धाकड़, चुराई के सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एसपी वासल का पुष्पगुच्छ और पुष्पमाला से स्वागत किया।

एसपी हितिका वासल ने कहा कि लोगों के बीच पहुंचकर संवाद स्थापित करने से समस्याओं का समाधान आसान होता है। इस कार्यक्रम से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना और पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास और संवाद की नई मजबूत कड़ी स्थापित हुई।

---

## सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में तय हुई भगवान परशुराम प्रकट उत्सव की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



सनातन सर्व ब्राह्मण समाज की जिला बैठक त्रिमूर्ति भवन में आयोजित हुई, जिसमें जिले भर के ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा शंकर भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष रजनीश शर्मा, और जिला अध्यक्ष आनंद भार्गव ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य भगवान परशुराम प्रकट उत्सव को भव्य और संगठित रूप से आयोजित करने की रूपरेखा तय करना था।

### भव्य चल समारोह और पूजा-अर्चना की योजना

जिला अध्यक्ष आनंद भार्गव ने बताया कि उत्सव का चल समारोह मंडी प्रांगण से शुरू होकर दुबे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर तक जाएगा। यहां भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी। पूजा-अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। उपस्थित विप्र बंधुओं को चल समारोह और अन्य कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा ने गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र भार्गव ने किया और आभार रामकुमार शर्मा ने व्यक्त किया।

### समाज बंधुओं की भागीदारी और सुझाव

बैठक में नर्वदाशंकर भार्गव, रजनीश शर्मा पिंकू, लखन शास्त्री, आनंद भार्गव, नरेंद्र भार्गव, धनश्याम शर्मा, प्रमोद भार्गव, मनोज शर्मा डब्बी, दिनेश शर्मा, पार्षद ब्रजेश शर्मा, भुवनेश शास्त्री, सुर्दशन तिवारी, रामकुमार चौबे, राकेश शर्मा और कई अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे। सभी ने उत्सव को भव्य और संगठित बनाने के लिए सुझाव रखे। सर्व ब्राह्मण समाज ने इस बैठक के माध्यम से भगवान परशुराम प्रकट उत्सव के आयोजन में संपूर्ण समुदाय की सहभागिता और सुरक्षित एवं सुनियोजित कार्यक्रम सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

### आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**गुना।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद और आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के सहयोग से ग्राम पंचायत सनबाड़ा और बासखेड़ी में स्थानीय पंचायत भवन में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल ने आपदाओं के प्रकार और उनके दौरान सुरक्षित रहने के उपाय बताये। परामर्शदाता रामकिशोर देवलिया और कृष्णकांत कुशवाह ने ग्रामीणों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय और सामूहिक सहयोग की महत्ता पर जोर दिया।

## हनुमान टेकरी धाम में 2 अप्रैल को भव्य मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 2 अप्रैल को हनुमान टेकरी धाम में भव्य मेला आयोजित होगा। मंदिर परिसर की रंगाई-पुताई और 300 सीढ़ियों की धुलाई पूरी हो चुकी है। मेला में 500 स्वयंसेवक पुलिस बल के साथ व्यवस्था संभालेंगे। श्रद्धालुओं के लिए परिसर को नायाब फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। मंगला आरती शुभ मुहूर्त में तड़के 4.15 बजे संपन्न होगी। ट्रस्ट प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नकली आभूषण पहनकर आएं, सभी प्रशासनिक विभागों और स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, वाहन प्रबंधन, पैदल मार्ग और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मेला पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रहेगा और पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।



---

### गैस संकट और महंगाई पर घमासान: प्रशासन की तानाशाही पर भड़के कांग्रेसी

## जनता परेशान, अफसर गायब...कांग्रेस का उग्र विरोध, भजन बना हथियार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को गुना के हनुमान चौराहा पर रसोई गैस की किल्लत, बिजली दरों में बढ़ोतरी और पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी के निर्देश और जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा।




### एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने के दौरान विवाद

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेता राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने एसडीएम कार्यालय पहुंचे। नेताओं का आरोप था कि उन्हें दोपहर 1 बजे का समय दिया गया था, लेकिन अधिकारी उपस्थित नहीं थे। नाराज कांग्रेसियों ने कार्यालय परिसर में ही धरना दिया और 'रघुपति राघव राजा राम' भजन गाकर अपना विरोध जताया। बाद में नायब तहसीलदार कमल सिंह मंडेलिया मौके पर पहुंचे और ज्ञापन प्राप्त किया। शहर अध्यक्ष पं. रजनीश शर्मा ने कहा कि महंगाई ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलपीजी गैस के दाम 60 रुपए बढ़ा दिए गए हैं और भविष्य में और बढ़ोतरी की संभावना है। गैस बुकिंग का वेटिंग समय लंबा होने से आम लोग परेशान हैं। बढ़ती लागत के कारण उद्योग-धंधे बंद होने के कगार पर हैं और बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की विदेश नीति की भी आलोचना की और ईंधन पर लगने वाले टैक्स को तत्काल कम करने की मांग की। प्रदर्शन में शहर के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें कैलाश नारायण भार्गव, मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयवर्गीय, एडवोकेट वरुण सूद, रमेश सैंडो, सीमा यादव और महिला कांग्रेस अध्यक्ष शामिल थे।

### जन समस्याओं को लेकर सपा का धरना प्रदर्शन, प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे

**गुना।** समाजवादी पार्टी द्वारा आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के निर्देशानुसार किया जा रहा है।जिला अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में आम जनता कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। इनमें गैस सिलेंडर की किल्लत, डीजल-पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें तथा पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के लगातार बढ़ते दाम प्रमुख हैं। इन मुद्दों को लेकर पार्टी द्वारा विरोध दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि धरना-प्रदर्शन के पश्चात माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जाएगा, जिसमें ईंधन की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण करने और महंगाई से आम जनता को राहत प्रदान करने की मांग की जाएगी।पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



## समाचार संक्षेप

### महू गढ़ा रेल स्टेशन पर रेल यात्रियों को पेय जल नहीं मिल रहा है, विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजा

राघौगढ़। सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक भोपाल श्री पंकज त्यागी को पत्र भेजकर उल्लेख किया है कोटा बीना रेल लाइन के



अंतर्गत महू गढ़ा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए पेयजल नहीं मिल रहा है। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। अआपने पत्र में लिखा है मुझे यह जानकारी समाजसेवी अमित जैन सैंकी निवासी रुठियाई ने दी है। अआपने पत्र में यह उल्लेख किया है महू गढ़ा रेल स्टेशन गुना रेल स्टेशन के समीप क्रॉसिंग स्टेशन है। गुना रेल स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली नहीं होने पर आए दिन एक्सप्रेस ट्रेनों को महूगढ़ा स्टेशन पर रोक दिया जाता है। गर्मी के मौसम में यात्रियों को पेयजल नहीं मिलने से भारी परेशानी हो रही है। अआपने मंडल रेल प्रबंधक से अनुरोध किया है कि महूगढ़ा रेल स्टेशन पर पेयजल उपलब्ध कराने के आदेश देने का कष्ट करें।

### अहिंसा के अवतार भगवान महावीर का जन्मोत्सव राघौगढ़ में अनेक कार्यक्रमों के साथ मनाया

राघौगढ़ । युग दृष्टा अहिंसा के अवतार भगवान महावीर का 2625 व जन्मोत्सव राघौगढ़ नगर में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा विभिन्न आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया। जारी विज्ञप्ति में बताया है प्रातः 5 बजे श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से जैन समाज द्वारा प्रभात फेरी प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस आई। प्रातः 7 बजे





भगवान का अभिषेक शांति धारा हुई। प्राप्त 8:30 बजे भगवान महावीर को पालकी में विराजमान कर गाजे बजे से शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए 11 बजे वापस मंदिर की आई। तत्पश्चात भगवान का अभिषेक, शांति धारा, फुलमाल एवं सभी मंदिरों पर नई ध्वजाएं चढ़ाई गई। सोधर्मे इंद्र प्रमोद कुमार प्रियंक कुमार चौधरी, ईशान इंद्र विकास जैन भिंड, माहेंद्र इंद्र दिनेश कुमार मुकेश कुमार जनता, सानत कुमार इंद्र प्रदीप कुमार बटवार, शांति धारा रमेश चंद्र प्रदीप कुमार डॉ संतोष जैन वैभव जैन आमल्या परिवार, द्वितीय शांति धारा धन कुमार दीपक कुमार रावत, फुलमाल का सौभाग्य प्रदीप कुमार वैभव कुमार डॉक्टर सिद्धार्थ जैन आमल्या परिवार को मिला। ध्वजारोहण प्रमोद कुमार मंडी, आलोक रावत नितिन भरसूला मिला। श्री दिगंबर जैन समाज ट्रस्ट कमेटी मार्गदर्शक मंडल के सदस्य वरिष्ठ अभिभाषक संजय कुमार जैन एडवोकेट का ट्रस्ट कमेटी का विधान पारित करने में अमूल्य योगदान के लिए शाल श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया। आपके साथ नवीन विधान बनाने वाली कमेटी के सदस्य विजय कुमार जैन पत्रकार, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन, अरविंद कुमार जैन रिटायर्ड तहसीलदार, उप मंत्री दिलीप कुमार जैन के विधान बनाने में जैन समाज के लिए योगदान का उल्लेख कर इनका भी सम्मान किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष सिंघई अशोक भारिल्य ने संजय कुमार जैन एडवोकेट सहित विधान बनाने वाली समिति के सदस्यों का स्वागत कर आभार माना। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार जैन ने किया। सकल जैन समाज एवं अतिथियों का वात्सल्य भोज का भी आयोजन किया गया था। आभार प्रदर्शन जैन समाज के मंत्री द्वय जिनेश कुमार जनता, अमित जैन रानू, सह-कोषाध्यक्ष निखिल जैन राजा चौधरी ने व्यक्त किया।

# आरोन में महावीर स्वामी की 2625वीं जयंती मनाई गई जैन मिलन व समाजसेवी संस्थाओं ने किया स्वागत








हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, अनेकांतवाद, जियो और जीने दो जैसे सिद्धांतों के माध्यम से जन जन को कल्याण का मार्ग दिखाने वाले जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की 2625वी जन्म जयंती स्थानीय जैन समाज द्वारा भक्ति और आस्था के साथ मनाई गई।नव युवक मंडलों में दिखाई दिया उत्साह का माहौल गौशाला समिति,जैन मिलन,युवा जैन मिलन, महिला जैन मिलन, शांतिनाथ युवा मंडल, आदिनाथ सेवा दल,श्रमण संस्कृति सेवा दल,पाठशाला परिवार आदि समाज के सभी सेवा दलों एवं समितियों में इस आयोजन के प्रति उत्साह देखने को मिला।

नगर के बड़ा जैन मंदिर में भगवान महावीर की शांतिधारा,अभिषेक,पूजन की गई एवं इसके बाद बडा जैन मंदिर से ही जुलुश प्रारंभ हुआ। भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को विशाल ऐरावत हाथी पर विराजमान करके शोभा यात्रा के रुप में नगर भ्रमण कराया गया। कालादेव परिवार को ऐरावत हाथी पर भगवान की प्रतिमा यह शोभा यात्रा बड़ा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार,पुराना चौराहा, गुलाबगंज,वर्धमान कॉम्प्लेक्स होते हुए पुनः बड़ा जैन मंदिर पहुंची। बड़ा जैन मंदिर पहुंचने पर पूर्ण धार्मिक विधि से भगवान महावीर की प्रतिमा को बड़ा जैन मंदिर में पुनः विराजमान किया गया।

जगह जगह स्वागत कर स्वल्पाहार कराया गया शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जैन मिलन एवं नगर परिषद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों द्वारा स्वागत किया गया एवं सभी को स्वल्पाहार भी कराया गया। प्रातः नगर के चौबीसी बड़ा जैन मन्दिर, पार्श्वनाथ छोटा जैन मंदिर, शांतिनाथ मंदिर,महावीर जिनालय में भगवान महावीर स्वामी की विशेष पूजा अर्चना की गई।प्रतियोगिता का आयोजन किया गया महावीर जयंती के अवसर पर एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें जुलुश में अपनी विशेष प्रस्तुति देने वाले आदर्श विद्या गुरु महिला मंडल को प्रथम, महिला जैन मिलन आरोन को द्वितीय एवं नीतेश कालादेव संदेश कालादेव को तृतीय पुरूस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। यह सभी पुरस्कार पिपरई परिवार द्वारा प्रदान किए गए।

## चाचौडा थाना पुलिस ने 16 वर्ष पुराने बलवा एवं मारपीट के प्रकरण में फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों, वारंटियों एवं इनामी बदमाशों आदि की धरपकड़ हेतु एक अभियान के रूप में निरंतर सक्रिय, सतर्क एवं प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चाचौडा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण एवं चाचौडा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह गौर के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा बलवा एवं मारपीट के 08 वर्ष पुराने एक प्रकरण में फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है ।




उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में आरोपी राजेन्द्र सिंह पुत्र वंशीलाल मीना निवासी ग्राम मालोनी थाना चाचौडा के के विरुद्ध चाचौडा थाने मे बलवा एवं मारपीट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध हुआ था । आरोपी के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर जिसकी गिरफ्तारी हेतु माननीय उच्च न्यायालय ग्वालियर द्वारा न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 705/10 में आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2018 में स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उक्त प्रकरण में फरार चल रहे वारंटी की बीनागंज चौकी पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी । जिसकी तलाश में अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर जिसकी तलाश में सघन दबिशें दी गई जिसके परिणाम स्वरुप आज दिनांक 29 मार्च 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना बीनागंज चौकी पुलिस द्वारा तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी राजेन्द्र पुत्र वंशीलाल मीना उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मालोनी थाना चाचौडा जिला गुना को गिरफ्तार किया गया ।



# गायत्री शक्तिपीठ पर पंच कुंडीय यज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ चाचौड़ा में पूरे नौ दिनों तक विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नियमित रूप से पूजा-अर्चना, जप, तप एवं साधना में भाग लिया। नवरात्रि के समापन अवसर पर विशेष रूप से पंचकुंडीय यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। इस पावन अनुष्ठान को पारिवारिक सदस्य राजेश शर्मा द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। यज्ञ के माध्यम से वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।कार्यक्रम के दौरान पूरे शक्तिपीठ परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने पूर्ण आस्था के साथ भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# राघोगढ़ के ऐतिहासिक 'रामलला मंदिर' में 201वें स्थापना वर्ष पर भव्य राम-जानकी कल्याण महोत्सव संपन्न

### विधायक जयवर्धन सिंह ने प्रभु रामलला की महाआरती कर अनुष्ठान में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़





ऐतिहासिक नगर राघोगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक, 201 वर्ष प्राचीन 'रामलला मंदिर' में नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित विशेष अनुष्ठान हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए।

वर्ष 1825 में राज दीवान परिवार द्वारा निर्मित इस भव्य मंदिर की स्थापना के 201 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'राम-जानकी कल्याण महोत्सव' ने संपूर्ण नगर को भक्तिमय कर दिया।वैदिक परंपराओं का अद्भुत संगमइस गौरवशाली अवसर पर तिरुपति के प्रख्यात संत उमाशंकर त्रिपाठी के सानिध्य में विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। संपूर्ण आयोजन के दौरान भारतीय पद्धति और प्राचीन वैदिक परंपराओं का अक्षरशः पालन किया गया। नवरात्रि के दौरान आयोजित रुद्र चंडी महायज्ञ की दिव्यता और मंत्रोच्चार से क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

विधायक जयवर्धन सिंह ने की शिरकतमहोत्सव के विशेष सत्र और राम-जानकी कल्याण महोत्सव के कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सिंह ने मंदिर के गर्भगृह में विराजमान प्रभु रामलला और माता जानकी की विशेष महाआरती की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने पूरे उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।राज दीवान परिवार की समर्पित सेवा और प्रबंधनवर्तमान में इस प्राचीन मंदिर की सेवा और पूजा-अर्चना नितिन वत्स द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ की जा रही है।

मंदिर की भव्यता को बनाए रखने, इसके प्रबंधन और रख-रखाव में सचिन वत्स एवं राहुल वत्स का विशेष रूप से सक्रिय योगदान रहता है। पूरा राज दीवान परिवार अपनी इस अनमोल विरासत को संभालने और सहेजने में पूरी श्रद्धा के साथ समर्पित है।201 वर्षों की अटूट आस्थाज्ञात हो कि 1825 में निर्मित यह रामलला मंदिर अपनी भव्यता और प्राचीनता के लिए पूरे अंचल में विख्यात है।

तिरुपति से आए संतों के मार्गदर्शन में हुए इन अनुष्ठानों ने दक्षिण और उत्तर की भक्ति धाराओं का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। आयोजन के दौरान राज दीवान परिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक और धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों से पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

# जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करें अधिकारीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर




जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर गंभीरता पूर्वक अधिकारी कार्यवाही करें। साथ ही की गई कार्यवाही प्रतिवेदन जनप्रतिनिधियों को भेजकर अवगत कराये। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन प्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों पर कार्यवाही करते समय सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएं। कार्यवाही करते समय शासन के निर्देशों एवं विभागीय स्वीकृति हो स्वीकृति के आधार पर कार्यवाही की जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन प्रतिनिधिगणों से प्राप्त होने वाले पत्रों का जबाव समय सीमा में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री के अर्द्धशासकीय पत्रो,केन्द्रीय मंत्री के भ्रमण के दौरान प्राप्त पत्रों की समीक्षा,प्रभारी मंत्री से प्राप्त पत्रों की समीक्षा,जिले के विधायकगणों से प्राप्त पत्रों की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के माह अप्रैल में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में की जाने वाली तैयारियों हेतु संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौपते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री द्वारा की जाने वाली जनसुनवाई, भूमिपूजन एवं शिलान्यास, स्वरोजगार सम्मेलन, बच्चों का स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम, जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित नवीन भवन का निरीक्षण, दिशा बैठक तथा पीएम आवास हितग्राहियों का गृह प्रवेश,जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में रबी उर्पाजन समीक्षा बैठक




अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गेहूं उपार्जन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिए कि उन्होंने गेहूं उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन एवं सत्यापन का कार्य समस्त एसडीएम द्वारा शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं किसानों के लिए उपलब्ध रहे, इस हेतु उपार्जन केन्द्रों का नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गेंहू खरीदी केन्द्रों का सृजन कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, शौचालय, पेयजल, शेड, प्रतीक्षालय गृह की व्यवस्थाए उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाएं।

खरीदी केन्द्रों पर ऑपरेटर का चिन्हांकन एवं लिस्टिंग अपडेट रखी जाएं। किसान की उपज की तुलाई की बाद तत्काल पावदी की रसीद दी जाएं। परिवहन हेतु समुचित व्यवस्था समय पर की जाए। खरीदी केन्द्रों की मैपिंग पूर्ण रूप से यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि गेंहू उर्पाजन के कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने निर्देशित किया वर्ष 2026-27 में गेंहू उर्पाजन का कार्य पूर्ण रूप से व्यवस्थित तैरीके से हो। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर बृजविहारीलाल श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### श्री महावीर भगवान का जन्म कल्याण हर्ष उल्लास के साथ मनाया

राजपुर। श्री महावीर भगवान का जन्म कल्याण दिवस राजपुर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह जैन मन्दिर में शान्ती धारा की गई। भगवान को पालकी में सवार कराकर कस्बे में चल समारोह निकाला गया। जो जैन मन्दिर से होकर माता मन्दिर करीला मार्ग चोराहा होते हुए शिवहरे चोराहा, गांधी पार्क चोराहा होते हुए हनुमान मंदिर हाट बाजार चोराहे पर पहुंचा। आगे आगे डीजे की धुन पर युवा नाचते-गाते हुए चलें जा रहें थे घर घर रंगों ली सजाई गई थी। रास्ते में जगह-जगह मंगल आरती उतारी गई, राजपुर में आर्यका संघ का आगमन हुआ। यह सम्पूर्ण आयोजन आर्यका संघ के सानिध्य में मनाया गया।

# पिपरई, चंदेरी ग्रामीण मंडल में भाजपा का हुआ प्रशिक्षण शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के निमित्त सोमवार को पिपरई एवं चंदेरी ग्रामीण मंडल द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा भाजपा के गौरवशाली इतिहास के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह बुंदेला मंडल प्रभारी पूरन सोनी मंडल अध्यक्ष अखिलेश लोधी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### 3 महीने के अंतराल के बाद हुई बैठक बे नतीजा रही

# शिक्षक संगठनों ने कलेक्टर के सामने मांगे रखीं

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक संगठनों ने अपनी समस्याएं रखीं। लेकिन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं होने से यह बैठक वे नतीजा रही।

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षक क्रमोन्नत वेतनमान और एरियर के लिए तरस गए है। क्रमोन्नति हेतु फाइलें एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय घूम रही है लेकिन आदेश जारी नहीं हो पा रहे हैं। जिनके आदेश जारी हो गए उन्हें संभागीय कोषालय द्वारा फिक्सेशन नहीं होने के नाम पर एरियर का भुगतान नहीं हो पा रहा है। बैठकों में रखे गए विषयों पर कार्यवाही की गति बहुत धीमी है। समय पर बैठकों का पालन प्रतिवेदन नहीं मिलता और कृत कार्यवाही से संगठनों को अवगत भी नहीं कराया जाता है। अशोकनगर ब्लॉक में बीईओ और बीआरसी स्थाई नहीं होने से शिक्षक परेशान है।

अशोकनगर बीईओ को जिला शिक्षा अधिकारी पर प्रभार है और समग्र शिक्षा के एपीसी पर बीआरसी का प्रभार है। दोनों अधिकारी कार्यालय में न बैठने से जमीनी स्तर के कार्य प्रभावित हो रहे है। चंदेरी, ईसागढ़ में भी दो दो बीईओ कार्य कर रहे हैं। एक बीईओ प्रशासनिक कार्य देखता है तो दूसरा बीईओ वित्तीय कार्य देखता है। इस दोहरी व्यवस्था को बदलने की मांग की गई। शासकीय आदेश होने के बाद भी शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य में लगा दिया जाता है, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी एन सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर बी सिंडॉसकर, कोषालय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी सहित विभाग प्रमुख और कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### खास बातें

- नि :शुल्क वितरण हेतु पुस्तकों को नियमानुसार शाला तक भेजने की व्यवस्था विभाग द्वारा होनी चाहिए।
- अप्रैल माह में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है, ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट,पंखे,कूलर आदि की व्यवस्था भी नहीं है।
- विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए माह अप्रैल में समस्त शालाओं को सुबह की पाली में संचालित किया जाए।
- ग्रीष्म अवकाश में जनगणना का कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए नियमानुसार अर्जित अवकाश देने, स्कूलों में बाहरी हस्तक्षेप बंद करने, शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश जारी करने,तथा परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठकें करने सहित विभिन्न शिक्षकों के वेतन निर्धारण और एरियर भुगतान आदि विषयों को शिक्षक संघ ने उठाया।
- कलेक्टर साकेत मालवीय ने सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने हेतु अधिकारियों को आदेशित किया एवं चेतावनी दी कि सभी प्रकरणों को लिस्टिंग करें और निराकृत करें ।सभी विभागीय फाइलें ऑफलाइन न भेजकर ई फाइल के माध्यम से भेजी जावे।

# शादी करने का झांसा देकर एक लाख रूपए हड़पने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

संगठित होकर शादी करने का झांसा देकर धोखाधड़ी पूर्वक एक लाख रूपये हड़पने वाली महिला देहात पुलिस की गिरफ्त में आई है, शेष दो आरोपियों की तलाश जारी है।

29 मार्च को फरियादी बाबूलाल विश्वकर्मा पुत्र वीरलाल विश्वकर्मा उम्र 61 साल निवासी आधार ताल कंचनपुर जबलपुर ने शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी कर संगठित होकर एक लाख रूपये हड़प करने के संबध में रिपोर्ट की जिस पर से आरोपीगण काजल गोस्वामी, देवेंद्र गोस्वामी, एवं एक अन्य आरोपी के विरूद्ध थाना देहात में अप.क्रं. 192/26 धारा 318(2),111(2)(ख) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि आरोपिया काजल गोस्वामी एवं उसकी मौसी के लडके देवेंद्र गोस्वामी व देवेंद्र के एक अन्य दोस्त द्वारा फरियादी के लडके की शादी काजल गोस्वामी से कराने के नाम पर 29 मार्च को फोन पे के माध्यम से 55 हजार रूपये व नगद 45 हजार रूपये ले लिये तथा रविवार होने के कारण फरियादी पक्ष को अपने साथ काजल गोस्वामी को साथ ले जाने एवं जबलपुर में ही कोर्ट मैरिज कराने हेतु भेजा गया।

पूर्व नियोजित षडयंत्र अनुसार काजल गोस्वामी द्वारा ग्राम कजराई में बाथरूम जाने की कहकर गाड़ी



रूकवाकर उसके द्वारा ग्रामीणों के समक्ष शोर शराबा किया गया कि यह लोग मुझे जबरदस्ती पकड़कर ले जा रहे है जिससे फरियादी पक्ष मौके से भाग जाये और आरोपी पक्ष उनसे लिये 01 लाख रूपये हड़प कर चले जायें। किन्तु थाना देहात पुलिस उक्त महिला एवं फरियादी पक्ष से गंभीरतापूर्वक विस्तृत पूछताछ की गई जिससे मामले का पटाक्षेप हो सका, मामले की संपूर्ण परते खुलती गई। एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात भुवनेश शर्मा के द्वारा आरोपीगण की धरपकड हेतु टीमें व मुखबिर तंत्र तैयार किया गया। 30 मार्च सोमवार को थाना देहात पुलिस ने प्रकरण की मुख्य आरोपिया काजल गोस्वामी को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय प्रस्तुत किया गया, शेष आरोपीगण की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत अशोकनगर निवासी जसमन दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजीव शर्मा और बलवीर यादव निवासी छज्जू बरखेडा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय कचनार के प्राचार्य के कार्यालय में आकर चिल्ला चोंट की और शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई। जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पुलिस ने कुढीघाट के पास नई भसूआ मडी के समीप ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए धर्मेन्द्र कुशवाह, मोहनसिंह ओझा, मोहन चैबे, छोटू चैबे, विनोद जैन को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 12500 रूपए बरामद किए हैं।

### 720 ग्राम गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्त में किया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत पुलिस ने बोहरे कॉलोनी निवासी रवि उर्फ तोता पुत्र गजराज गिरी के पास से 720 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसे पड़रिया रोड आरा मशीन के समीप बने नाले के पास से जप्त किया गया है और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्त ने लिया है।

### बाईक ने स्कूटी में टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम बाबरौद निवासी संजय खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवराम ओझा निवासी सिरसौरा ने खिरिया तिराहे के पास बाबरौद पुलिया के समीप अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### युवक की टावर से नीचे गिरने से मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय मोहरी पुलिस लाईन के पीछे बिजली की बडी लाईन के लिए टावर खड़ा करने का प्रयास करते समय एक युवक के नीचे गिरने से मौत हो गई। जिसकी पहचान अरूण पुत्र शिब्बू कश्यप जिला शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश के रूप में की गई है। बताया गया है कि मृतक कंपनी के ठेकेदार के लिए काम करने आया था। टावंर से नीचे उतरते समय वह अचानक फिसल गया, जिससे उसके सिर में चोटे आई थीं उसे साथ में रहने वाले लोग उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### चैकिंग के दौरान बाईक कार से टकराई, दो घायल

**अशोकनगर।** स्थानीय गुना अशोकनगर रोड पर शाढ़ौरा के माहौर पेट्रोल पंप के पास वाहन चैकिंग के दौरान एक बाईक कार से जा टकराई। इस घटना में बाईक पर बैठे दो लोग घायल हो गए। इस घटना में आरोप लगाया गया है कि चैंकिंग के दौरान एक पुलिस कर्मी ने बाईक को रोकने के दौरान थप्पड़ मार दिया जिससे बाईक अनियंत्रित हो गई थी। तभी सामने से कार आ गई जो बाईक की चपेट में आ गई। हादसे के बाद लोगों ने हंगामा किया और सड़क पर जाम लगा दिया, जिसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाया गया। पुलिस कर्मी का नाम अमित शर्मा बताया गया है, घायलों को पहले शाढ़ौरा अस्पताल ले जाया गया बाद में जिला असपताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गहोरा निवासी संजय बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विजय जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संजय बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिन्सी निवासी रामसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालाराम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

## महिला संगठनों के साथ युवाओं की भारी भीड़ रही, गरीबों को निःशुल्क भोजन और वस्त्र प्रदान किए

# भगवान महावीर स्वामी का शुभ संदेश जियो और जीने दो के साथ शहर में निकला चल समारोह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक दिवस पर अशोकनगर शहर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसामयी संदेशों से गूंज उठा। भगवान की जय जयकार के बीच निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला संगठन और युवाओं के संगठन शामिल रहे। जगह-जगह भगवान की आरती उतारी गई और श्रीफल भेंट किए गए। यह सम्पूर्ण आयोजन पूज्य मुनि श्री अविचल सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया।

शहर के सुभाष गंज जैन मंदिर परिसर से निकली यह शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। यह शोभायात्रा आचार्य श्री विद्यासागर दार भगवान महावीर मार्ग गांधी पार्क पुराना वजार गांव मन्दिर प्रसोसन रोड़ सुराना पार्क वजरिया मोहल्ला इन्द्रा पार्क होते हुए सुभाष गंज मैदान में आकर धर्म सभा में बदल गई। शोभायात्रा में आगे आगे युवाओं के दिव्यघोष और उनके पीछे विद्यासागर पाठशाला के बच्चे तथा महिला मंडल अपने हाथों में भगवान महावीर के संदेश के साथ चल समारोह में नजर आए। इस चल समारोह में अविचल सागर जी महाराज भी शामिल हुए। जहां लोगों ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

**भगवान महावीर की दिव्य वाणी में जगत को एकजुट करने की ताकत थी - कलेक्टर -** शोभायात्रा सुभाष गंज आकर धर्मसभा में बदल गई जहां जिला कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि आज हम देश वासी एक ऐसे महा मना की जन्म जयंती मना रहे हैं। जिनकी वाणी में जगत को एकजुट करने की शक्ति थी उन्होंने विश्व को पांच सूत्र दिए सत्य, अहिंसा, स्वाद्वाद, अपरिग्रह, और ब्रह्मचर्य। आज दुनिया में आशान्ति फैली हुई है। जगत को अनुशासित कर शान्ति का मंत्र भगवान महावीर स्वामी ने दिया। दुनिया इसको अपा कर जीवन में शांति को प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन एडिशन एसपी गजेन्द्र सिंह कंवर विधायक हरिबावू राय जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय केटी संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई मनोज रन्नौद संयोजक श्रेयांस घैला दारा पीत वस्त्र तिलक माला के साथ किया गया।

### अपने जीवन को महान बनाने का विचार मन को देंः मुनिश्री

इस अवसर पर मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा कि आज भगवान महावीर जयंती समारोह में उनकी जयंती मनाने के लिए उपस्थित हुए हैं महोत्सव महा पुरुष के जीवन को उत्साह से मनाने का नाम है।



हम अपने जीवन को जीये जा रहे हैं। अपने मन को कहो अपने जीवन को हमें महान बनाना है आपको अपने मानस पटल पर बार-बार यह विचार लाने होंगे। आप का दो हजार पच्चीस का वर्ष ऐसा रहा जिसमें अपने गुरु देव मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के सानिध्य में महान वनने के लिए दान पुण्य देकर लगातार चार महीने तक अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए बहुत कुछ किया है।

सम्पूर्ण भारत वर्ष में साढ़े छः लाख गांव में मनुष्य को बहुत सुंदर चिकित्सा व्यवस्था है लेकिन देश में सर्व सुविधायुक्त गायों को कोई अस्पताल नहीं है लेकिन भारत का पहला अस्पताल परम पूज्य मुनि पुंगवश्री सुधासागर जी का आशीर्वाद अशोकनगर में प्रारंभ हुआ। यह ऐम्वूलेस के साथ ही आज बड़ी ऐक्सरा मशीन आज शालू भारत एवं पोर्टैविल ऐक्सरा मशीन संजय केटी दारा भेंट की जा रही है।



### जगत कल्याण की कामना के लिए हुई महा शान्ति धारा

जहां भगवान के कलशाभिषेक के साथ जगत कल्याण की कामना के लिए शान्ति धारा जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के साथ की गई। जिसका सौभाग्य राजकुमार कासल महावीर जैन राकेश जैन डव्वू गुरु मनीष जैन लालू भाई सहित अन्य भक्तों को मिला इसके बाद दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए। इस दौरान फूल माल ज्ञान माल का आयोजन किया गया जिसका सौभाग्य मनीष कुमार अंशु जैन अतिशय परिधान ज्ञान माल अभय जैन शिक्षक परिवार को प्राप्त हुआ।

### गरीबों को निःशुल्क भोजन और वस्त्र प्रदान किए गए

सुबह 11:30 बजे भगवान महावीर जन्म जयंती पर केवल चन्द्र प्रकाश चन्द्र कनैरा परिवार के पुण्यार्जन में गरीबों को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क भोजन प्रदान किया गया। इस मौके पर रेडीमेड वस्त्र व्यवसाही संघ द्वारा गरीबों को निःशुल्क वस्त्र वितरण किए गए। यह वस्त्र पाकर गरीबों के चेहरों पर खुशी देखी गई। शाम को मुनिश्री के मुखारविंद से जिज्ञासा समाधान व भगवान महावीर के सिद्धांतों की विश्व को आवश्यकता पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसके बाद श्री भक्तावर मंडल आदिश्वर धाम दारा संगीत मय भगवान की महा आराधना की गई। इस दौरान श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग व महिला मंडलों द्वारा भगवान का पालना महिला संगठनों दारा जन्म कल्याणक गीत व पाठशाला के वच्चो दारा संस्कृति कार्यक्रम किया गया।

### महावीर जयंती के अवसर पर ईसागढ़ में निकाली भव्य शोभायात्रा

**ईसागढ़।** जैन धर्म के अनुयायी भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार को हर्षोल्लास से नगर ईसागढ़ में मनाया गया, जिसमें प्रातः काल की बेला मैं मंदिर मैं भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक और शांतिधारा की गई। तत्पश्चात श्री दिगम्बर जैन मंदिर ईसागढ़ से श्री चन्द्र प्रभु जैन मंदिर चुंगी नाका तक भव्य शोभायात्रा निकाली जो कि नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकाली गई साथ ही साथ सम्पूर्ण नगर में फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा, जियो और जीने दो तथा अनेकांतवाद का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी विश्व शांति के लिए प्रासंगिक हैं। भगवान महावीर जी ने सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों के माध्यम से जीवन को सरल और श्रेष्ठ बनाने का मार्ग दिखाया। उनका "जियो और जीने दो" का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया में अशांति और हिंसा बढ़ रही है। भगवान महावीर जी की जयंती हमें उनके आदर्शों को अपनाने और एक शांत, प्रेमपूर्ण समाज बनाने की प्रेरणा देती है। इस दौरान डीजे पर महिलाएं पुरुष बच्चे नाचे और आरती कर शोभा यात्रा का समापन किया।




---

## सेवा करने से तन व दान करने से धन बढ़ता हैः पं. शास्त्री

**अशोकनगर।** भागवत कथा के पांचवें दिन नईसरायं तहसील मुख्यालय स्थित झिरिया सरकार मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में पंचम दिवस परम पूज्य व्यास पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन द्वारा भगवान की सुंदर-सुंदर बाल लीलाओं का वर्णन कथा के माध्यम से श्रवण कराया।

झांकी के द्वारा भक्तों ने भगवान की माखन चोरी लीला का आनंद लिया। माखन चोरी लीला के द्वारा परम पूज्य व्यास महाराज द्वारा बताया गया कि भगवान माखन चुराने के साथ-साथ सभी भक्तों की पापों को भी चुरा लेते हैं जिससे भगवान का भक्त निष्पाप हो जाता है। बड़े-बड़े संत तप एवं जप के द्वारा यज्ञ के द्वारा उन परमात्मा को नहीं पा सकी। बृजवासियों ने उस परमात्मा को प्रेम के द्वारा सहज रूप में पा लिया। बरसों से चली जा रही इंद्र की पूजा को भगवान श्री कृष्ण के कहने पर सभी बृजवासियों ने बंद कर दिया एवं श्री गिरिराज महाराज की पूजन 56 प्रकार की व्यंजनों द्वारा की। झिरिया सरकार पर सभी भक्तों ने भी भगवान गिरिराज जी की परिक्रमा लगाई एवं झरिया सरकार राधा माधव सेवा समिति द्वारा सभी भक्तों को अन्नकूट का प्रसाद भी वितरण किया गया। सभी भक्तों ने नाचते झूमते हुए गिर्राज जी की पूजा की।





## जल्द होगा ओझा समाज समिति का चुनाव, की बैठक

**अशोकनगर।** ओझा समाज समिति के चुनाव जल्द ही संपन्न कराए जाएंगे। इस सम्बन्ध में रविवार की शाम कोलुआ रोड़ पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में ओझा समाज के लोग एकत्रित हुए और चुनाव संपन्न कराए जाने की प्रक्रिया पर अपने विचार रखे। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा जी की आरती के साथ हुआ।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री ओझा समाज समिति अशोकनगर के जिला अध्यक्ष पद पर काशीराम ओझा थे। जिन्होंने कार्यकाल पूरा होने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया। तभी से अध्यक्ष का पद खाली पड़ा है। इसलिए जल्द से जल्द चुनाव प्रक्रिया आरंभ कर समिति का नया अध्यक्ष चुना जाए। समिति सदस्यों ने बताया कि, चुनाव समूचे अशोकनगर जिले का होगा। जिसमें समाज का कोई भी बंधु अध्यक्ष पद के लिए जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर दावेदारी कर सकेगा। साथ ही मतदान प्रक्रिया में भी हिस्सा के सकेगा। वहीं कुछ समाज बंधुओं ने आपसी सहमति से अध्यक्ष चुने जाने की बात कही। चुनाव प्रक्रिया सम्बंधित जरूरी विचार विमर्श के लिए आगामी 5 अप्रैल को एक बार फिर बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष काशीराम ओझा, देवकीनंदन ओझा, मुन्नालाल ओझा, लल्ली राम ओझा, प्रेमनारायण ओझा, गोपाल ओझा, मुकेश सोफा, मुकेश सीडी, मनोज सिहोरा, विष्णु ओझा, अशोक बॉडी, सीताराम ओझा, प्रमोद ओझा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 'गली गली में नेता हो गए, चौराहे पर रहे इतराय पागल कुत्ता भले काट ले पर नेता से राम बचाए'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई अशोकनगर के तत्वाधान में भगवान महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर मासिक गोष्ठियों की श्रखंला में मार्च माह की काव्य गोष्ठी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गौशाला अशोकनगर के हाल में आयोजित की गई। स्कूल की ओर से राजेश श्रीवास्तव ने सभी कवि एवं अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। गोष्ठी की अध्यक्षता लेखक संघ अशोकनगर के अध्यक्ष सुभाष जैन सरल ने की तथा मुख्य अतिथि हिन्दी साहित्य भारती के प्रदेश महामंत्री दिनेश बिरथरे रहे। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कवि सुधीर गुप्ता ने किया। दूधनाथ मधुकर की सरस्वती वन्दना से काव्य गोष्ठी का शुभारंभ किया गया।

लेखक संघ जिला इकाई के सचिव कवि सुधीर गुप्ता ने बताया कि यह काव्य गोष्ठी भगवान राम के जन्मोत्सव एवं भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित की जा रही है। अशोकनगर में प्रत्येक माह कम से कम एक गोष्ठी अवश्य आयोजित की जाती है। गोष्ठी के पश्चात वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश विरथरे द्वारा गोष्ठी में सम्मिलित कवियों की कविता की समीक्षा की गई, जिसका उद्देश्य लेखकों कवियों की लेखन क्षमता में वृद्धि के साथ साथ निखार लाना है। मासिक गोष्ठियों की श्रृंखला में यह मार्च माह की गोष्ठी आयोजित की गई है। गोष्ठी में सुभाष सरल ने हे महावीर तुम हो सु-वीर, अरिहंत देव, अतिधीर वीर, जगतारक उद्धारक प्रभु वर निर्वाण पाय भये परमवीर पढ़कर माहौल को भक्तिमय कर दिया।

इसी प्रकार लक्ष्मी नारायण सोनी ने जब तक अयोध्या में सरयू की धार बहेगी, अयोध्या राम की थी राम की है और राम की ही रहेगी से खूब तालियां बटोरी। सुधीर गुप्ता ने ओज की कविता जंजीर गुलामी की तोड़ी थी अपनी जान लुटा कर, आजादी का दीप जलाया कितने कुलदीप बूझाकर, पढकर श्रोताओं में जोश का संचार कर दिया। दिनेश विरथरे की रचना महिदेव धेनु सुर संतों पर, असुरों का अत्याचार बढा। तब परमपिता परमेश्वर को अवतार अवध में लेना पडा विशेष सराही गई। रस परिवर्तन करते हुए व्यंग्य कवि महेश श्रीवास्तव की कविता गली गली में नेता हो गए, चैराहे पर रये इतराय, पागल कुत्ता भले काट ले पर नेता से राम बचाय, ने सबको खूब हंसाया। कवि दूधनाथ मधुकर के भगवान राम को समर्पित पैरौडी गीत भइया भरत को आप बिना कौन संभाले, सीने से लगा ले, कि और मेरा कोई नहीं, ने समा बांध दिया। नवोदय कवियत्री सलोनी पाल ने पडो अगर तो संभल के पडना शायरों के चक्कर में, कलम का जादू भी कभी भी काले जादू से कम नहीं ने खूब वाही वाही बटोरी।

---

## प्रशासन ने कर्मचारियों को दिया काम पर आने का अंतिम अल्टीमेटम, गंदगी से लोग परेशान

# शहर कचरे के ढेर में तब्दील, सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपनी ऐतिहासिक भव्यता और पुरातत्व महत्व के लिए विश्व विख्यात चंदेरी नगर इन दिनों कचरे के ढेर में तब्दील होती जा रही है। पिछली 24 मार्च से सफाई कर्मियों की जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि सड़कों पर गंदगी का अंबार लगा है, जिससे आमजन का जीना मुहाल हो गया है।



**एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक, पर नहीं निकला समाधान** समस्या के समाधान हेतु 29 मार्च को तहसील परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, एसडीएम मनीष धनगर और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में सभी पक्षों ने अपने सुझाव रखे, लेकिन गतिरोध बरकरार रहा। सफाई कर्मियों का आरोप है कि सीएमओ द्वारा उनकी मांगों को लेकर केवल गुमराह किया जा रहा है और धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नगरपालिका सीएमओ का कहना है कि कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित हैं और नियम विरुद्ध तरीके से दबाव बना रहे हैं।






**सीएमओ का कड़ा रुख जारी किया अंतिम चेतावनी पत्र** नगर पालिका सीएमओ प्रदीप शर्मा ने हड़ताली कर्मचारियों को अंतिम अल्टीमेटम जारी कर दिया है। प्रशासन द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में स्वीकृत 79 पदों के विरुद्ध 123 कर्मचारी रखने के लिए दबाव बनाया गया, जिससे निकाय पर आर्थिक बोझ बढ़ा और वेतन में देरी हुई। 30 मार्च को जैन समाज के जुलूस के मद्देनजर सफाई के आदेश दिए गए थे, लेकिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण स्वयं सीएमओ, नपा अध्यक्ष, पार्षदों और जैन समाज के नागरिकों को सड़कों पर झाड़ू उठानी पड़ी। यदि 30 मार्च तक कर्मचारी काम पर नहीं लौटे, तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**जनता का सवाल कब तक चलेगा अल्टीमेटम का खेल?** प्रशासनिक सख्ती के बावजूद स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका केवल कागजी अल्टीमेटम दे रही है, जबकि हकीकत में शहर की हालत बद से बदतर होती जा रही है। एक तरफ चंदेरी को पर्यटन हब बनाने की बातें होती हैं, दूसरी तरफ सड़कों पर फैला कचरा इस ऐतिहासिक नगरी की छवि को धूमिल कर रहा है। क्या प्रशासन केवल नोटिस देने तक ही सीमित रहेगा? स्थानीय नागरिक अब देखना यह होगा कि 30 मार्च की समय सीमा के बाद प्रशासन क्या सख्त कदम उठाता है या फिर चंदेरी की जनता को इसी गंदगी के बीच रहने को मजबूर होना पड़ेगा।

राजगढ़ पुलिस ने 25 को ही हटा ली थी अपनी पुलिस चौकी एवं सुरक्षा व्यवस्था

# बगैर वक्फ बोर्ड की अनुमति 25 मार्च के बाद भी चलता रहा सालाना उर्स





कार्यालय वक़्फ दरगाह हज़रत बाबा बदख्शानी र.अ.
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
क्रमांक/प्रब.क्र./........../2026 राजगढ़
"हाजि हाफीज़ सैयद कुरबान अली शाह बदख्शानी रह.अले. राजगढ़ शरीफ का"
112 वाँ उर्स मुबारक 2026 115 वाँ उर्स-ए-आजम
उर्स तक़रीबात इन्शाअल्लाह

| तारीख | तक़रीबात | बावक्त |
|---|---|---|
| 27 फरवरी 2026 | कलश शरीफ उतारना व गुम्बद की सफाई | दोपहर 3:00 बजे |
| 01 मार्च 2026 | कलश शरीफ पेश करना | दोपहर 3:00 बजे |
| 10 मार्च 2026 | कुरआन ख्वानी | बाद नमाज़ फ़जर |
| 10 मार्च 2026 | गुस्ल शरीफ | दोपहर 3:00 बजे |
| 10 मार्च 2026 | फातहा, उर्स-ए-आज़म | बाद नमाज़ असर |
| 10 मार्च 2026 | रोजा अफ्तार, लंगर, 20 रमज़ान | नमाज़ मगरिब |
| 10 मार्च 2026 | मेहफिल - ए- समा | शब 10 बजे से |
| 10 मार्च 2026 | लंगर सहरी | बवक्त सेहरी |
| 11 मार्च 2026 | रोजा अफ्तार, लंगर, मोला अली फातेहा | बाद नमाज़ मगरिब |
| 11 मार्च 2026 | मेहफिल - ए- समा | शब 10 बजे से |
| 11 मार्च 2026 | लंगर सहरी | बवक्त सेहरी |
| 12 मार्च 2026 | लंगर | बाद नमाज़ मगरिब |
| 12 मार्च 2026 | चादर शरीफ | दोप. 3 बजे |
| 12 मार्च 2026 | मेहफिल - ए- समा | शब 10 बजे से |
| 12 मार्च 2026 | रंग की मेहफिल | शब 3:45 बजे |
| 12 मार्च 2026 | कुल की फातिहा | शब 4:00 बजे |
| 12 मार्च 2026 | लंगर सहरी | बवक्त सेहरी |
| 13 मार्च 2026 | मिलाद शरीफ | बाद नमाज़ जोहर |
| 13 मार्च 2026 | मेहफिल - ए- समा | शब 10 बजे से |
| 13 मार्च 2026 | लंगर सहरी | बवक्त सेहरी |
| 15 मार्च 2026 | गुस्ल शरीफ | दोपहर 3:00 बजे |
| 15 मार्च 2026 | इख्तेतामी फातिहा | शब 10 बजे से |
| 25 मार्च 2026 | (मेले की समापन) | |

...म वाबस्तगाने सिलसिला आलिया कादरिया चिश्तिया सोहरवर्दिया नियाजिया व दिगर सिलसिले के ...दतमंद हजरात से गुजारिश है कि उर्स मुबारक में शिरकत फरमाकर हुज़ूर की दुवाओं से फैज़याब हो।
- आपकी आमद के मुन्तज़िर -
इंतेजामिया कमेटी वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह. अले. राजगढ़
सदर -
हाफिज मो. इलियास सिद्दीकी
मो. 8871211720
नायब सदर - अबू सुफयान
सेक्रेट्री - अज़हर खान नियाजी
कोषाध्यक्ष - उमर खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी पर इस साल लगे 112वें सालाना उर्स ने कई तरह के सवालात खड़े कर दिए हैं। मध्यप्रदेश शासन के अधीन आने वाले वक्फ बोर्ड भोपाल ने इस उर्स के संचालन की अनुमति सिर्फ 25 मार्च तक के लिए दी थी इसके बावजूद दरगाह कमेटी ने मनमानी करते हुए उर्स का संचालन 30 मार्च की रात्रि तक जारी रखा। दरगाह कमेटी द्वारा राजगढ़ प्रशासन एवं आमजनों को उर्स का जो प्रोग्राम उपलब्ध करवाया गया था उसके अनुसार उर्स की मियाद 25 मार्च तय की गई थी। इसके बावजूद टेंट, लाइट, जगह स्थान की अनुमति कमेटी द्वारा लिखित या अलिखित रूप से दुकानदारों को दे दी गई।

हरिभूमि टीम ने जब रविवार रात्रि उर्स क्षेत्र का दौरा किया तो अनेकों दुकानें वहां सजी हुई पाई गईं। इसके साथ ही टैंट, लाइट का ठेका जिस व्यक्ति को 25 मार्च तक के लिए दिया गया था उसने भी 29 मार्च की रात्रि तक ठेके को चालू रखा। इसमें कहीं न कहीं कमेटी की भूमिका संदेहास्पद नजर आ रही है।

## कोई घटना हुई तो कौन होगा जिम्मेदार

29 मार्च की दोपहर से रात्रि तक अनेकों दोपहिया वाहन दरगाह क्षेत्र में दौड़ते नजर आए। जबकि, पुलिस प्रशासन ने अपनी पुलिस चौकी सहित सुरक्षा के सभी इंतेजामात पूरी तरह इसलिए वापस ले लिए थे क्योंकि अनुमति सिर्फ 25 मार्च तक के लिए मांगी गई थी।

## सदर की जगह बेटा कर रहा काम

सालाना उर्स के ठीक पहले वक्फ बोर्ड ने कमेटी को भंग कर नई कमेटी बनाते हुए सदर की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद इलियास सिद्धिकी को सौंपी थी। तत्कालीन सदर मोहम्मद शफीम गामा से उसी दिन चार्ज ले लिया गया और संपूर्ण जिम्मेदारी नई कमेटी द्वारा सम्हाल ली गई थी। कमेटी द्वारा छपवाए/प्रकाशित करवाए गए पर्चे में जिन सदर का नंबर उल्लेखत किया गया है उनकी जगह उनके बेटे अनस द्वारा बातचीत की जाती पाई गई।

## रिसवी नहीं किया फोन

हरिभूमि ने इस संबंध में जब कमेटी द्वारा छपवाए गए सदर के नंबर पर कॉल लगाकर पांच दिनों तक उर्स का संचालन क्यों जारी रखा गया, इस बारे में पूछताछ करना चाही तो उस नंबर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इधर, राजगढ़ नगर के नागरिकों का कहना है इस पूरी कतिथ अनियमितता को वक्फ बोर्ड भोपाल तक पहुंचाकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री सहित अन्य सुसंगत स्थानों पर पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। इसके साथ ही आरटीआई अधिनियम के जरिए 112वें सालाना उर्स में हुए सभी तरह के खर्च, आवक, समूचे टैंडरों की प्रमाणित प्रतियां भी वक्फ बोर्ड भोपाल से तलब की जाएंगी।

### इनका कहना है

मैं उर्स की व्यवस्थाओं में व्यस्त हूं। आप बाद में बात कर लीजिएगा।

अनस पिता मो. इलियास सिद्धिकी (पुत्र सदर, दरगाह कमेटी) राजगढ़।

# नपा परिषद की साधारण सभा में बजट पारित, 52332 रुपए की दिखाई बचत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद की साधारण सभा बैठक सोमवार को अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। खास बात यह रही कि इस बजट में 52,332 रुपये की बचत दर्शाई गई तथा किसी भी नए कर का प्रस्ताव नहीं रखा गया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे ने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस साल की कुल प्रस्तावित आय 1,42,58,10,224 रुपये तथा कुल प्रस्तावित व्यय 1,42,57,57,892 रुपये रखा गया है। इस प्रकार कुल 52,332 रुपये की बचत का बजट परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

## आय की प्रमुख स्त्रोत

बजट में आय के प्रमुख स्त्रोतों में शासन से प्राप्त चुंगी क्षतिपूर्ति, यात्रीकर क्षतिपूर्ति, विभिन्न अनुदान, विशेष निधि, अमृत 2.0 योजना, कायाकल्प अभियान, स्वच्छ भारत मिशन एवं स्थानीय कर जैसे संपत्तिकर और समेकित कर शामिल हैं।

## व्यय के प्रमुख मद

प्रस्तावित व्यय में कर्मचारियों के वेतन-भत्ते, नगर के वाहनों के डीजल व संधारण, तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाएंकृसड़क, नाली, बिजली, पेयजल और साफ-सफाई शामिल हैं। इसके अलावा नगर सौंदर्यीकरण के तहत पार्क निर्माण, बस स्टैंड विकास, सड़कों का डामरीकरण, नवीन बस स्टैंड निर्माण, यात्री प्रतीक्षालय, सिंहस्थ से संबंधित व्यवस्थाएं और ऑडिटोरियम निर्माण को भी बजट में स्थान दिया गया है।

## विशेष प्रावधान और विकास कार्य

अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बताया कि बजट में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए "गीता भवन" स्थापना, ऑडिटोरियम निर्माण तथा वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेले के मद्देनजर एबी रोड बायपास पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय निर्माण जैसे कार्य शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही नगर विकास के अंतर्गत कपिलेश्वर लोक निर्माण, शीलनाथ जी धूना स्थल पर घाट, पार्क, भवन एवं सड़क निर्माण कार्य भी प्रस्तावित हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा सहित पार्षदगण और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी के आरोप में एक ही परिवार के दो पक्ष भिड़े, 14 घायल 2 की हालात गंभीर



**सारंगपुर।** लीमा चौहान थानांतर्गत ग्राम भ्याना में सोमवार को विद्युत ट्रांसफार्मर से बिजली जोड़ने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि वह खूनी संघर्ष में बदल गया। चचेरे रिश्तेदार राठौर परिवार के दोनों पक्षों के बीच हुई इस झड़प में 14 लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक गांव में एक निजी विद्युत ट्रांसफार्मर से दूसरे पक्ष द्वारा कथित रूप से अवैध रूप से बिजली कनेक्शन जोड़ लिया गया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों और से लाठियां, डंडे और लात-घूंसे चलने लगे। कुछ ही देर में मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही लीमाचैहान थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। जहा डॉ. अभिलाषा चैधरी द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने दो घायलों की हालत गंभीर पाई, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया है। शेष घायलों का इलाज सारंगपुर में ही जारी है। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से हालात नियंत्रण में हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही मारपीट और अवैध बिजली कनेक्शन के संबंध में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## विवाद में यह लोग हुए घायल

बिजली कनेक्शन जोड़ने के मामले में पहले पक्ष से जयराम राठौर, दीपक राठौर, पियूष राठौर, रवि राठौर, राहुल राठौर, ललता बाई घायल हुए, वहीं दूसरे पक्ष से देवकरण राठौर, संतोष राठौर, गोविंद राठौर, गिरिराज राठौर, गोकल बाई राठौर, कन्हैया लाल राठौर गंगाधर राठौर, रामविलास राठौर घालय हुए हैं।

# राजगढ़ की शिक्षिका आपदा प्रबंधन के लिए सम्मानित




राजगढ़। जिले के कालीपीठ संकुल के तहत आ रहा घोघरिया कला प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका मनीषा व्यास को आपदा प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया है। मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान आयोजित में दिवसीय "भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम" एवं "ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव" विषयक प्रशिक्षण पर अपने विचारों और बच्चों को इस विषय पर समझाने के लिए मनीषा सम्मानित की गईं। उक्त पांच दिवसीय आयोजन 26 मार्च से 30 मार्च 2026 तक पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजगढ़ में किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें एवं अंतिम शिक्षिका इस सम्मान से नवाजी गईं। इस सम्पूर्ण आयोजन में महाविद्यालय, पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, होमगार्ड, एसडीईआरएफ, निजी विद्यालयों, सिविल डिफेंस वालंटियर्स एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट डीआर वर्मा ने पूरे आयोजन की रूपरेखा तैयार की थी अंत में पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न किस्मों के पौधे रौपकर उनके बचाव का संकल्प लिया गया।

# करंट की चपेट में आने से कानरखेड़ी के युवक की भोपाल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ग्राम कानरखेड़ी निवासी एक युवक की भोपाल में काम के दौरान करंट लगने से असामयिक मृत्यु का मामला सामने आया है। मृतक सोनू वर्मा पिता स्व. पूरन हरिजन जो भोपाल में मिस्त्री का कार्य कर अपने परिवार की जीविका चला रहा था। सोमवार को हुई इस घटना के बाद परिजनों में शोक छाया हुआ है।



मृतक के परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनू सोमवार दोपहर एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर वह काम कर रहा था, वहां फर्श पर पानी भरा हुआ था। इसी दौरान किसी मशीन का बिजली का तार पानी में गिर जाने से वहां करंट फैल गया। परिजनों का कहना है कि सोनू इस खतरे से अनजान था और जैसे ही वह उस पानी के संपर्क में आया, उसे जोरदार झटका लगा। परिजनों के मुताबिक, जिस समय यह हादसा हुआ, सोनू वहां अकेला था। जब काफी देर बाद उसका साथी वहां पहुंचा, तब तक सोनू दम तोड़ चुका था। आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन भोपाल पहुंचे और मृतक को भोपाल हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस की कार्रवाई और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शेष है। परिजनों के अनुसार, वे इस मामले में उचित जांच की मांग कर रहे हैं ताकि हादसे के सही कारणों का पता चल सके।

## वाहन सहित सागौन की लकड़ी जब्त की

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के वन विभाग ने अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित लकड़ी जब्त की है। वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव एवं उपवनमंडल अधिकारी हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे के निर्देशन में 28 मार्च को मुखबिर सूचना पर टीम ने एनएच-146 पर घेराबंदी की। देर रात ग्राम मानौरा पुलिया चौक पर संदिग्ध वाहन पकड़ा गया। चालक दीपक प्रजापति से पूछताछ में अवैध परिवहन की पुष्टि हुई। जांच में अजय विश्वकर्मा को भी तलब किया गया, जिसने लकड़ी ग्राम काप में रघुवीर के घर पहुंचाने की बात स्वीकार की। टीम ने मौके से 12 नग सागौन चरपट व संदिग्ध बिल जब्त किया। प्रकरण में वन अपराध दर्ज कर कार्रवाई जारी है।

# उड़न दस्ता टीम की कार्रवाई, अवैध लकड़ी परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम धमंदा क्षेत्र में रविवार शाम वन विभाग के उड़न दस्ता दल ने कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर उड़न दस्ता टीम पेट्रोलिंग पर थी।

इसी दौरान छपरा से सारंगपुर की ओर पाडल्या माता क्षेत्र में लकड़ी से भरे दो ट्रैक्टर आते दिखाई दिए। टीम ने वाहनों को रोककर चालकों से पूछताछ की। पूछताछ में चालकों ने अपना नाम जमील अंसारी पिता अंसार खां एवं सरफराज पिता अब्दुल गफ्फार, निवासी सारंगपुर बताया। जांच के दौरान दोनों के पास लकड़ी परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। इसके बाद टीम ने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 42 ए 3627 एवं एमपी 46 ए 5970 को लकड़ी सहित जब्त कर लिया। जब्त वाहनों को पुलिस थाना लिमाचैहान की अभिरक्षा में रखा गया है। वन विभाग ने अभिवहन वनोपज नियम 2022 के तहत वन अपराध का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में वन मंडल अधिकारी बेनी प्रसाद दौतानिया एवं उपवन अधिकारी दिनेश यादव के निर्देशन में उड़न दस्ता प्रभारी डी.के. भिलाला, वाहन चालक जितेंद्र सिंह तंवर, सुमेर सिंह गुर्जर, चैकीदार बनेसिंह और महेश सहित अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।




# विहिप प्रमुख डॉ. तोगड़िया के प्रवास को लेकर तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया के मध्य प्रांत प्रवास को लेकर कुरावर में तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। डॉ. तोगड़िया "समृद्धि हिंदू, सुरक्षित हिंदू" के संकल्प को लेकर आयोजित धर्मसभा में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दोपहर 2 बजे भोपाल मार्ग से पीलूखेड़ी, जिला राजगढ़ में प्रवेश करेंगे। वहां से कार्यकर्ताओं के साथ भगवा रैली के रूप में वाहनों के काफिले के साथ कुरावर के मुख्य मार्गों से होते हुए सभा स्थल बस स्टैंड स्थित श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेंगे। सभा स्थल पर वे उपस्थित हिंदू समाज के लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। विभाग अध्यक्ष मुकेश बाबा, जिला अध्यक्ष भरत सिंह मीणा, जिला महामंत्री नंदकिशोर चैधरी, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार मेवाड़ा, जिला मंत्री दिलीप सिंह मीणा, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश जोशी, नगर प्रमुख कैलाश चंद प्रजापति, राजू विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।




# मौसम बदला: तेज हवा के साथ आधा घंटे बारिश, आसपास क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए और शाम 6 बजे देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से जनजीवन प्रभावित हुआ और लोगों को गर्मी से थोड़े-बहुत राहत मिली। बारिश से पहले चली तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर धूल का गुबार छा गया, जिससे दृश्यता भी कम हो गई।

तेज हवाओं के चलते कुछ जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, हालांकि किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली है। नगर के आसपास के ग्राम मानपुरा, साहूखेड़ी क्षेत्रों से ओलावृष्टि की भी खबरें सामने आई हैं। किसानों के अनुसार कुछ गांवों में हल्की से मध्यम ओले गिरने से खड़ी फसलों को आंशिक नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। विशेष रूप से गेहूं और सब्जी फसलों पर इसका असर पड़ सकता है। अचानक हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। वहीं, लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। शाम के समय सड़कों पर पानी भर जाने से कुछ देर के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है। नागरिकों को सतर्क रहने और तेज हवाओं के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।





समाज के पदाधिकारियों ने सत्य, अहिंसा की राह पर चलने का दिया संदेश

# महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा श्री पाष्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई, जो सदर बाजार, महाकाल चैराहा, गांधी चैक, महावीर मार्ग होते हुए श्रीमहावीर दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंची। वहां पर श्रीजी के अभिषेक हुए उसके बाद जैन युवा मंच द्वारा अतिथियों का ठंडाई से स्वागत किया गया। वहां से चल समारोह पुनः शुरू हुई जो की त्रिपोलिया बाजार, अंबे माता मंदिर, पटवा बाडी, जामा मस्जिद चैराहा होता हुआ पुन श्री पाशर्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचा। सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य पारस जैन एवं मनोज जैन पांदा को प्राप्त हुआ। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर भगवान महावीर के अभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई, उसके पश्चात प्रभावना का वितरण किया गया। चल समारोह में बैंड ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। बैंड की प्रस्तुति पर जैन युवा मंच, सकल जैन समाज के पदाधिकारी एवं समाजजन ने नृत्य कर भक्ति की गई। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष निर्मल जैन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

## वर्धमान के जन्मोत्सव पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा जैनालय में पूरे दिन चले विभिन्न आयोजन



राजगढ़। भारत के बिहार राज्य में जन्मे वर्धमान जो आगे जाकर अहिंसा को आगे बढ़ाने वाले देव तुल्य बनकर भगवान महावीर कहलाए उनका जन्मोत्सव जैन समाज द्वारा धूमधाम एवं विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर जैन समाज सहित अन्य नागरिकगणों द्वारा गुरुवार प्रातः राजगढ़ मुख्यालय पर एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिनालय से आरंभ हुई यह शोभायात्रा नगर की पीटी कंपनी, कोतवाली क्षेत्र, रानी लक्ष्मी चौराहा, मेन मार्केट, तुल्ली चैक, किला, पुरा क्षेत्र होते हुए पुनः जिनालय पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा भी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए एवं भगवान का आर्शिवचन लिया। शोभायात्रा के समापन उपरान्त जिनालय में पूरे दिवस विभिन्न तरह के धार्मिक आयोजन चलते रहे। समाज के पदाधिकारियों ने बच्चों को सदैव सत्य, अहिंसा की राह पर चलने का संदेश सुनाया।